# सुरक्षा परिषद कल करेगी कोविड-19 पर वार्ता

संयुक्त राष्ट्र, 7 अप्रैल (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कोविड-19 महामारी पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को एक सत्र आयोजित करेगी।

सुरक्षा परिषद कोरोना पर पहली बार वार्ता करेगी। इस महामारी ने विश्वभर में 74 हजार लोगों की जान ले ली है और 13 लाख लोग इससे संक्रमित हैं।

अप्रैल महीने के लिए परिषद के अध्यक्ष डोमिनिकन गणराज्य ने कहा कि उसने 'यूएनएससी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मामलों पर कोविड-19 के प्रभाव के संबंध में' वीडियो टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक करने का फैसला किया है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस भी गुरुवार को होने वाले इस सत्र में भाग लेंगे। यह देखने वाली बात होगी कि बैठक के बाद कोविड-19 संबंधी हालात पर प्रेस के लिए कोई बयान जारी किया जाएगा या नहीं।

इससे पहले डोमिनिकन गणराज्य के विशेष दूत जोस सिंगर ने पिछले सप्ताह जानकारी दी थी कि कोरोना वायरस महामारी पर चर्चा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक अगले हफ्ते या उससे भी पहले हो सकती है।



*संयुक्त राष्ट्र के* महासचिव एंतोनियो गुतारेस भी गुरुवार को होने वाले इस सत्र में भाग लेंगे। यह देखने वाली बात होगी कि बैठक के बाद कोविड-19 संबंधी हालात पर प्रेस के लिए कोई बयान जारी किया जाएगा या नहीं। इससे पहले डोमिनिकन गणराज्य के विशेष दूत जोस सिंगर ने पिछले सप्ताह जानकारी दी थी कि कोरोना वायरस महामारी पर चर्चा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक अगले हफ्ते या उससे भी पहले हो सकती है।

अप्रैल के महीने के लिए अध्यक्षता डोमिनिकन गणराज्य के पास है। पिछले महीने यह चीन के पास थी। दुनियाभर में कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ते मामलों के बावजूद पिछले महीने चीन की अध्यक्षता में सुरक्षा परिषद ने वैश्विक महामारी के बारे में कोई चर्चा नहीं की।

संयुक्त राष्ट्र में डोमिनिक गणराज्य के विशेष दूत एवं अप्रैल माह के लिए सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष सिंगर ने संवाददाताओं से कहा था, 'हां, हम सभी जानते हैं कि कोविड-19 मुख्य विषय होगा और हम इस पर काम कर रहे हैं। पांच से छह राजदूतों ने इस बैठक के लिए अनुरोध किया था और हम यह करेंगे या तो अगले हफ्ते या इससे पहले।'

## पश्चिमी नेपाल में आश्रय शिविरों में फंसे हैं 39 भारतीय श्रमिक

काठमांडो, 7 अप्रैल (भाषा)।

कोरोना विषाणु के संक्रमण को फैलने से रोकने के मद्देनजर भारत नेपाल सीमा बंद किए जाने के कारण 39 भारतीय श्रमिक यहां फंस गए हैं और पश्चिमी नेपाल के झापा जिले में आश्रय शिविरों में पिछले एक पखवाड़े से रह रहे हैं।

भारत में होली का त्योहार मनाने के बाद ये श्रमिक काम की तलाश में नेपाल आए थे। कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए दोनों देशों ने अपनी सीमाएं बंद कर दी जिससे ये श्रमिक सीमाई क्षेत्र में फंस गए हैं। नेपाल सरकार ने भारत से लौटे दो लोगों के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद भारत की सीमा से सटे पश्चिमी जिलों में देशबंदी को और सख्त कर दिया है। नेपाल सरकार ने सोमवार को जारी देशबंदी को आठ दिन के लिए और बढ़ा दिया है। देश में अब लॉकडाउन 15 अप्रैल तक रहेगा। इस हिमालयी देश में अबतक नौ लोग कोरोना विषाणु से संक्रमित पाए गए हैं। झापा जिले में एक स्कूल की इमारत में बने आश्रय शिविर में रहने वाले बिहार के कटिहार जिले के 60 वर्षीय श्रमिक असारू रिषि ने कहा, हम लोग पांच छह लोगों के छोटे समूहों में पृथक शिविर में रह रहे हैं।

# जापान के प्रधानमंत्री ने की आपातकाल की घोषणा

तोक्यो, 7 अप्रैल (एएफपी)।



जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने देश में कोरोना विषाणु के संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि होने के बाद मंगलवार को तोक्यो और देश के छह अन्य हिस्सों में एक महीने के लिए आपातकाल की घोषणा की।

जापान में कोरोना विषाणु के कारण अब तक 91 लोगों की मौत हो चुकी है और कुल 3,906 मामले सामने आए हैं। आबे ने मंगलवार को कहा, ऐसे हालात बन रहे हैं जो लोगों के जीवन और अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। मैं आपातकाल की घोषणा करता हूं। यह कदम दुनिया के विभिन्न देशों में लागू पूर्णबंदी से कुछ कम सख्त है लेकिन स्थानीय गवर्नरों को लोगों से घरों में रहने और उद्योगों को बंद करने के लिए कहने का अधिकार देता है। आबे ने कहा कि सरकार का यह कदम लोगों से घरों में रहने के अनुरोध के रूप में आया है और यह आदेश नहीं है। इसका उल्लंघन करने वालों को दंडित नहीं किया जाएगा। घोषित आपातकाल छह मई तक के लिए है।

## नेपाल के लिए अगले दो सप्ताह बेहद नाजुक : ओली

काठमांडो, 7 अप्रैल (भाषा)।



नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को नागरिकों से अपने अपने घरों में ही रहने की अपील करते हुए उन्हें आगाह किया कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में आने वाले दो हफ्ते देश के लिए बेहद नाजुक हैं। नेपाल में कोरोना के नौ मामले सामने आए हैं।

मंगलवार को टेलीविजन पर दिए गए राष्ट्र के नाम संबोधन में ओली ने लोगों से मौजूदा समय की सबसे बड़ी चुनौती से बचने के लिए घरों में सुरक्षित रहने की अपील की। उन्होंने लोगों से आग्रह किया 'आपसी मेलजोल में दूरी बनाए रखें और घरों में ही रहें।' ओली ने कहा कि संघीय सरकार विषाणु से निपटने के लिए स्थानीय और प्रांतीय स्तर पर समन्वय कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश भर में 30,566 लोगों के लिए पृथक स्थानों का प्रबंध किया है।

## अमेरिका में पत्रकार समेत कई भारतवंशी कोरोना से संक्रमित, कुछ की मौत

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (भाषा)।

कोरोना विषाणु महामारी का सामना कर रहे अमेरिका में सैकड़ों भारतवंशी इससे संक्रमित हैं और उनमें से कई की जान भी गई है। मृतकों में भारतीय समाचार एजेंसी के एक पूर्व पत्रकार भी हैं। अमेरिका में कई सामुदायिक संगठनों और प्रवासी नेताओं ने यह जानकारी दी है। हालांकि कितने भारतवंशी विषाणु से संक्रमित हैं, इसको लेकर कोई ठोस आंकड़ा मौजूद नहीं है।

सोशल मीडिया समूहों पर मौजूद जानकारी के अनुसार न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी संक्रमित हैं। इन दोनों शहरों में ही सबसे अधिक संख्या में भारतवंशी रहते हैं और यहीं कोविड-19 के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। इन दोनों शहरों में सोमवार तक 1,70,000 से अधिक लोग विषाणु से संक्रमित थे और 5,700 लोगों की इससे जान जा चुकी थी। समुदाय के नेताओं ने बताया कि रोजाना हमें अपने करीबियों के इससे संक्रमित होने की खबर मिलती है। 'अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन' (एएपीआइ) के पूर्व अध्यक्ष सहित कई लोग गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती हैं। वहीं भारतवंशी पत्रकार ब्रह्म कुचिभोटला का सोमवार रात निधन हो गया। वह समाचार एजंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के लिए काम करते थे। उन्होंने न्यूयार्क के अस्पताल में अंतिम सांस ली। न्यूयॉर्क महानगरीय क्षेत्र, ग्रेटर वाशिंगटन क्षेत्र मैरीलैंड और वर्जीनिया में कई सामुदायिक नेता विषाणु से संक्रमित पाए गए हैं। जहां अधिकतर लोगों ने खुद को घर में पृथक कर लिया है, वहीं कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं।

## चीन में पहली बार मौत का कोई मामला सामने नहीं आया

बेजिंग, 7 अप्रैल (भाषा)।

चीन में घातक कोरोना विषाणु से संबंधी आंकड़ें जनवरी से प्रकाशित किए जाने के बाद से मंगलवार को पहली बार ऐसा हुआ कि देश में कोरोना विषाणु वैश्विक महामारी से मौत का एक भी मामला सामने नहीं आया और वह अब इस संक्रमण का केंद्र रहे वुहान को बाहरी लोगों की यात्रा के लिए खोलने की तैयारी कर रहा है। उधर वुहान ने बुधवार से रेल और हवाई सेवाएं शुरू करने की तैयारी कर ली है। वुहान हुबेई प्रांत की राजधानी है और हुबेई ने पहले ही बाहरी लोगों के लिए यात्रा की सुविधा शुरू कर दी है।

चीन ने जहां वुहान को खोलना शुरू कर दिया है वहीं के फिर से वापसी को लेकर भी देश में चिंताएं बढ़ रही हैं क्योंकि विदेशों से संक्रमित होकर आए 32 नए मामलों से इनकी संख्या 983 हो गई है। इसने बताया कि जहां सोमवार को कोरोना के घरेलू स्तर पर फैलने का कोई मामला सामने नहीं आया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को मौत का कोई मामला सामने नहीं आया। चीन में कोरोना विषाणु के मृतकों का आधिकारिक आंकड़ा 3,331 है। सोमवार को ही चीनी भूभाग पर कुल 30 ऐसे मामले सामने आए जिनमें संक्रमण की पुष्टि तो हुई है लेकिन उसके लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं।

## भारत से अभी तक 1,300 अमेरिकी लौटे अपने देश

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (भाषा)।

अमेरिका अभी तक भारत से अपने 1,300 नागरिक वापस ला चुका है लेकिन विश्व में कोरोना के सबसे अधिक मामले अमेरिका में सामने आने के बाद अब बाकी नागरिकों को यहां लौटने से डर लग रहा है।

दक्षिण और मध्य एशिया मामलों की कार्यकारी सहायक मंत्री एलिस जी. वेल्स ने कहा, 'कल रात तक करीब 1,300 अमेरिकी नागरिकों को वापस लाया गया था और पांच अतिरिक्त विमान इस सप्ताह भारत जाएंगे। कितने अमेरिकियों को देश वापस आने में मदद चाहिए इसका सटीक आंकड़ा बता पाना मुश्किल है। अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास में 7,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है।' वेल्स ने इस बात का कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि अमेरिका में तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामलों के चलते ही अमेरिकी वापस आने से घबरा रहे हैं या नहीं।

## ईरान में संसद खोली गई

तेहरान, 7 अप्रैल (एएफपी)।

ईरान में कोरोना विषाणु संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने के बाद बंद किए गए संसद के दरवाजे मंगलवार को खोल दिए गए। सात दिन में संक्रमण के मामले घटने के बाद यह निर्णय लिया गया। 290 सदस्यीय संसद के दो तिहाई से अधिक सदस्य संसद पहुंचे हालांकि वरिष्ठ नेता एवं स्पीकर अली लारिजानी नहीं पहुंचे। उन्हें पिछले सप्ताह कोरोना से संक्रमित पाया गया था। संसद अथवा मजलिस के कम से कम 31 सदस्य संक्रमित पाए गए हैं। सरकारी टेलीविजन में संसद के सत्र की शुरुआत के जो फुटेज दिखाए गए उनमें कुछ सांसद झुंड बना कर खड़े दिखाई दिए।

# बिहार में छह मरीजों ने जीती कोरोना से जंग

भागलपुर, 7 अप्रैल (जनसत्ता)।

बिहार में मंगलवार को उस वक्त खुशी का ठिकाना नहीं था जब कोरोना से छह संक्रमण पीड़ित मरीजों ने इस वैश्विक महामारी को शिकस्त दे दी। डाक्टरों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर इनमें से दो पीड़ितों को तालियां बजाकर विदा किया। फिलहाल कोरोना वार्ड में नौ मरीज भर्ती हैं। छह संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट नकारात्मक आ गई। इन्हें भी अस्पताल से जल्द छुट्टी दे दी जाएगी। राज्य में पहली मौत के शिकार युवक के संपर्क में आने से ये सभी छह लोग कोरोना विषाणु से संक्रमित हो गए थे।

दरअसल जवाहर लाल नेहरू भागलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कोरोना पृथक वार्ड में भर्ती छह संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट नकारात्मक आ गई। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आरसी मंडल ने इस संवाददाता को बताया कि इनमें चार मरीजों की दूसरी रिपोर्ट भी मंगलवार को नकारात्मक आई है। एक महिला और एक बच्चे की रिपोर्ट दो दिन पहले ही दोनों रिपोर्ट नकारात्मक आ चुकी थी। इन दोनों को यहां के कोरोना वार्ड से मुक्त कर मंगलवार को मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इन्हें कुछ दिन घर में ही पृथक रखने की सलाह दी गई है। बाकी चारों पीड़ितों को भी जल्द यहां से छुट्टी मिल जाएगी। इनमें दो मुंगेर और दो सहरसा के हैं। संक्रमित मुक्त हुए ये छहों मरीज मुंगेर के कोरोना संक्रमण से बिहार में पहली मौत के शिकार सैफ अली के संपर्क में आए थे। यह कतर से आया था। 21 मार्च को इसकी मौत कोरोना संक्रमण की वजह से पटना एम्स में हुई थी।



*ठीक होने पर* दो पीड़ितों को मिली अस्पताल से छुट्टी, डाक्टरों ने तालियां बजाकर किया विदा

अस्पताल से मुक्त करते समय कोरोना को मात देने वाले मरीजों का चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने ताली बजाकर दोनों का स्वागत किया। स्वस्थ हुई मरीज जसिना बेगम ने भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को धन्यवाद कहा। बालक मोहम्मद कैफ ने भी डिस्चार्ज की खुशी व्यक्त की और कहा कि वो अपने आप को आजाद पा रहा है और बीमारी के चले जाने पर काफी खुशी महसूस कर रहा है। दोनों मरीजों को एंबुलेंस से मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया जहां उसे होम क्वरेंटाइन में तत्काल रखा जायेगा। अस्पताल के चिकित्सक भी कोरोना पर मिली जीत से उत्साहित नजर आये और वक्त रहते अस्पताल पहुंचने पर इलाज मुमकिन बताया।

## तबलीगी जमात में शामिल हुए महाराष्ट्र के 50 लोगों का कोई अता-पता नहीं

मुंबई, 7 अप्रैल (भाषा)।

महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के निजामुद्दीन (पश्चिम) में तबलीगी जमात के कार्यक्रम में शामिल हुए राज्य के 1400 लोगों में से 50 ने सरकार से अब तक कोई संपर्क नहीं किया है।

देशमुख ने सामने ना आने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए इनसे स्वयं राज्य सरकार अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से संपर्क करने पर राज्य सरकार ऐसे लोगों को पृथक रखेगी और उनकी देखभाल करेगी। देखमुख ने कहा कि पिछले महीने आयोजित तबलीगी जमात के इस कार्यक्रम में करीब 4,000 लोगों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से कई कोरोना से संक्रमित पाए गए और कई की तो जान भी चली गई है। महाराष्ट्र से इस कार्यक्रम में 1400 लोगों ने हिस्सा लिया था। देखमुख ने कहा कि इनमें से 1350 लोगों को पता लगाकर उन्हें पृथक कर दिया गया है। उन्होंने कहा, बाकी बचे 50 लोगों के मोबाइल फोन अब भी बंद हैं। इसलिए हम उनसे खुद सरकार से संपर्क करने का आग्रह करते हैं।

## कश्मीर में बंद का उल्लंघन करने के आरोप में 17 लोग गिरफ्तार

श्रीनगर, 7 अप्रैल (भाषा)।

कोरोना विषाणु के संक्रमण को रोकने के लिए पिछले 20 दिन से कश्मीर में लोगों की आवाजाही पर बंद है और सोमवार को पुलिस ने बंद का उल्लंघन करनेवाले 17 लोगों को गिरफ्तार किया।

निषेधाज्ञा का उल्लंघन करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करती हुई पुलिस ने सोमवार को 17 लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू की गई है। घाटी में बंद के बाद से कई लोगों को गिरफ्तारी हुई है।

## कोरोना केंद्रों की हालत बदतर बताने के आरोप में विधायक गिरफ्तार

गुवाहाटी, 7 अप्रैल (भाषा)।

असम में एक विपक्षी विधायक को कोविड-19 के मरीजों के इलाज के लिए बनाए गए अस्पतालों की हालत, रोधी केंद्रों से बदतर बताने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

राज्य पुलिस प्रमुख ज्योति महंत ने बताया कि अखिल भारतीय संयुक्त गणतांत्रिक मोर्चा (एआईडीयूएफ) के ढिंग निर्वाचन क्षेत्र से विधायक अमीनुल इस्लाम को प्राथमिक जांच के बाद मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया। विधायक की एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी, जिसमें वह एक अन्य व्यक्ति के साथ बातचीत में पृथक केंद्रों और अस्पतालों की कथित तौर पर 'उपेक्षा' कर रहे थे। उन्होंने कथित तौर पर यह भी कहा कि वहां रहने की सुविधा रोधी केंद्र से बदतर है।

PXIL
Transforming Power Markets
**Power Exchange India Limited**
Sumer Plaza, Unit No.901,9th floor, Marol Maroshi Road, Andheri (East),Mumbai-400059, India
**Tel:**+ 91 22 40096667/87 **Fax:**+ 91 22 40096633/90
**Email:** info@pxil.co.in, **CIN:**U74900MH2008PLC179152
**Trading Month March - 2020**

| Markets | INTRADAY | | DAC | | ANYDAY | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Traded | Prices (Rs/KWh) | Volume (MUs) | Prices (Rs/KWh) | Volume (MUs) | Prices (Rs/KWh) | Volume (MUs) |
| Min | 1.92 | 0.10 | 2.98 | 0.05 | 1.97 | 0.02 |
| Max | 3.58 | 2.94 | 3.05 | 0.19 | 3.10 | 0.50 |
| Avg | 2.93 | 0.88 | 3.03 | 0.14 | 2.69 | 0.36 |
| Total | | 10.57 | | 0.43 | | 7.91 |


(This is only an advertisement for information purposes and not a prospectus announcement)

**DJ Mediaprint & Logistics Limited**

**(Formerly known as DJ Logistic Solutions Private Limited)**

Our Company was originally incorporated as "DJ Logistic Solutions Private Limited" on February 24, 2009 under the provisions of the Companies Act, 1956 bearing Corporate Identification Number U60232MH2009PTC190567 issued by the Registrar of Companies, Mumbai, Maharashtra. Subsequently name of the company has been changed to "DJ Mediaprint & Logistics Private Limited" vide a Certificate of Incorporation pursuant to change of name dated December 08, 2017. Subsequently our company was converted into Public Limited Company and the name of our Company was changed to "DJ Mediaprint & Logistics Limited" vide a fresh Certificate of Incorporation consequent upon conversion from Private Company to Public Company dated December 19, 2017 bearing Corporate Identification Number U60232MH2009PLC190567 issued by the Registrar of Companies, Mumbai. For further details of change in name and registered office of our Company, please refer to section titled "History and Certain Corporate Matters" beginning on page no 90 of the Prospectus.

**Registered office:** 24, 1st Floor, Palkhiwala House, Tara Manzil, 1st Dhobi Talao Lane, Mumbai – 400 002, Maharashtra, India. **Contact Person:** Ms. Khushboo Mahesh Lalji, Company Secretary & Compliance Officer, **Tel No.:** 022 – 2788 9341, **E-Mail ID:** cs@djcorp.in; **Website:** www.djcorp.in; **CIN:** U60232MH2009PLC190567

**OUR PROMOTERS: (I) MR. DINESH MUDDU KOTIAN AND (II) MR. SANTHOSH MUDDU KOTIAN**

**BASIS OF ALLOTMENT**

**INITIAL PUBLIC OFEFR OF 12,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF DJ MEDIAPRINT & LOGISTICS LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹20/- PER EQUITY SHARE, INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹10/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING TO ₹240.00 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 60,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹20/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹12.00 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTIONS BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 11,40,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹20/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹228.00 LAKHS IS HERE IN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 28.48% AND 27.05% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAIDUP EQUITY SHARE CAPITAL OF THE COMPANY.**

**THIS OFFER IS BEING MADE IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SEBI (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIRMENT) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI ICDR REGULATIONS") READ WITH RULE 19(2)(b)(i) OF SCRR AS AMENDED. THIS ISSUE IS A FIXED PRICE ISSUE AND ALLOCATION IN THE NET OFFER TO THE PUBLIC WILL BE MADE IN TERMS OF REGULATION 253(2) OF THE SEBI (ICDR) REGULATIONS, 2018.** ***(For further details please see "The Issue" beginning on page no. 28 of the Prospectus.)***

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹ 10/- EACH AND THE ISSUE PRICE IS ₹ 20/- EACH. THE ISSUE PRICE IS 2.0 TIMES OF THE FACE VALUE.**
**ISSUE PROGRAMME: ISSUE OPENED ON: MARCH 26, 2020 and CLOSED ON: MARCH 31, 2020,**
**PROPOSED DATE OF LISTING: APRIL 13, 2020*.**

The Equity Shares offered through Prospectus are proposed to be listed on the SME Platform of BSE ("BSE"). Our Company has received in-principal approval letter dated March 18, 2020 from BSE for using its name in this offer document for listing of our shares on the SME Platform of BSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be the BSE Limited ("**BSE**"). The trading is proposed to be commenced on or about April 13, 2020*.

* Subject to receipt of listing and trading approvals from the BSE SME Platform.

**SUBSCRIPTION DETAILS**

The Issue Received 164 applications for 20,40,000 shares and was subscribed to the extent of 1.70 times before technical rejection but after bids not banked. After considering Technical Rejections cases, the Issue was subscribed 1.68 times i.e. 159 applications for 20,10,000 shares. 7 application for 42,000 shares were bided without banking.

**Summary of the Valid Applications Received:**

| Sr. No | Category | Gross Application | | Less: Rejections | | Valid | | Allotment | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | No. of Application | Equity Share | No. of Application | Equity Share | No. of Application | Equity Share | No. of Application | Equity Share |
| 1 | Retail Individual Applicants | 155 | 9,30,000 | 5 | 30,000 | 150 | 9,00,000 | 95 | 5,70,000 |
| 2 | Non-Retail Applicants | 8 | 10,50,000 | - | - | 8 | 10,50,000 | 8 | 5,70,000 |
| 3 | Market Maker | 1 | 60,000 | - | - | 1 | 60,000 | 1 | 60,000 |
| | **Total** | **164** | **20,40,000** | **5** | **30,000** | **159** | **20,10,000** | **104** | **12,00,000** |

**Allocation:** The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange –BSE SME Platform on April 07, 2020

**A. Allocation to Market Maker (After Technical & Multiple Rejections and Withdrawal):** The Basis of Allotment to the Market Maker, at the issue price of ₹20/- per Equity Share, was finalised in consultation with BSE SME Platform. The category was subscribed by 1.00 time. The total number of shares allotted in this category is 60,000 Equity shares.

| Sr. No. | Category | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Equity Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Bidder | Ratio | Total No. of Equity Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60,000 | 1 | 100 | 60,000 | 100 | 60,000 | 1 : 1 | 60,000 |
| | **Total** | **1** | **100** | **60,000** | **100** | | | **60,000** |

**B. Allocation to Retail Individual Investors (After Technical & Multiple Rejections and Withdrawal):** The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, at the issue price of ₹20/- per Equity Share, was finalized in consultation with BSE SME Platform. The category was subscribed by 1.58 times i.e. for 9,00,000 Equity Shares. Total number of shares allotted in this category is 5,70,000 Equity Shares to 95 successful applicants.

| Sr. No. | Category | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Equity Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Bidder | Ratio | Total No. of Equity Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6,000 | 150 | 100 | 9,00,000 | 100 | 6,000 | 19 : 30 | 5,70,000 |
| | **Total** | **150** | **100** | **9,00,000** | **100** | | | **5,70,000** |

**C. Allocation to Other than Retail Individual Investors (After Technical Rejections & Withdrawal):** The Basis of Allotment to Other than Retail Individual Investors, at the issue price of ₹ 20/- per Equity Share, was finalized in consultation with BSE SME Platform. The category was subscribed by 1.84 times i.e. for 10,50,000 shares. Total number of shares allotted in this category is 5,70,000 Equity Shares to 8 successful applicants.

**The category wise details of the Basis of Allotment are as under:**

| Sr. No. | Category | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Equity Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Bidder | Ratio | Total No. of Equity Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12,000 | 1 | 12.50 | 12,000 | 1.14 | 6,000 | 1 : 1 | 6,000 |
| 2 | 18,000 | 1 | 12.50 | 18,000 | 1.71 | 12,000 | 1 : 1 | 12,000 |
| 3 | 48,000 | 1 | 12.50 | 48,000 | 4.57 | 24,000 | 1 : 1 | 24,000 |
| 4 | 66,000 | 1 | 12.50 | 66,000 | 6.29 | 36,000 | 1 : 1 | 36,000 |
| 5 | 1,14,000 | 1 | 12.50 | 1,14,000 | 10.86 | 60,000 | 1 : 1 | 60,000 |
| 6 | 1,50,000 | 1 | 12.50 | 1,50,000 | 14.29 | 84,000 | 1 : 1 | 84,000 |
| 7 | 2,40,000 | 1 | 12.50 | 2,40,000 | 22.86 | 1,32,000 | 1 : 1 | 1,32,000 |
| 8 | 4,02,000 | 1 | 12.50 | 4,02,000 | 38.29 | 2,16,000 | 1 : 1 | 2,16,000 |
| | **Total** | **8** | **100.00** | **10,50,000** | **100.00** | | | **5,70,000** |

The Board of Directors of the company at its meeting held on April 07, 2020 has approved the Basis of Allotment of Equity shares as approved by the Designated stock Exchange viz. BSE SME Platform and at a meeting held on April 07, 2020 has authorized the corporate action for the transfer and allotment of the Equity Shares to various successful applicants.

In terms of the Prospectus dated March 18, 2020 and as per the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 wherein a minimum of 50% of the net offer of shares to the Public shall initially be made available for allotment to retail individual investors as the case may be. The balance net offer of shares to the public shall be made available for allotment to a) individual applicants other than retail investors and b) other investors, including Corporate Bodies / Institutions irrespective of number of shares applied for. The unsubscribed portion of the net offer to any one of the categories specified in (a) or (b) shall be made available for allocation in the other category, if so required. "For the purpose of sub-regulation (2) of regulations 253, if the retail individual investor category is entitled to more than fifty per cent on proportionate basis, the retail individual investors shall be allocated that higher percentage".

The CAN-cum-Refund advices and allotment advice and/or notices will be forwarded to the address/email id of the Applicants as registered with the depositories as filled in the application form on or before April 09, 2020. Further, the instructions to Self Certified Syndicate Banks for unblocking the amount will be processed on or prior to April 08, 2020. In case the same is not received within 10 days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the BSE SME Platform within six working days from the date of the closure of the Issue.

**Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated March 18, 2020 ("Prospectus")**

**INVESTORS PLEASE NOTE The details of the allotment made would also be hosted on the website of the Registrar to the Issuer, PURVA SHAREGISTRY (INDIA) PRIVATE LIMITED at** www.purvashare.com**. All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole applicants, serial number of the Application Form, number of shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:**

**PURVA SHAREGISTRY (INDIA) PRIVATE LIMITED**
9, Shiv Shakti Industrial Estate, J. R. Boricha Marg, Opp. Kasturba Hospital Lane, Lower Parel (E) Mumbai – 400011, Maharashtra
**Telephone:** 022 2301 2518 / 8261, **Email/ Investor Grievance E-mail**: support@purvashare.com, **Website:** www.purvashare.com
**Contact Person:** Ms. Deepali Dhuri - Compliance Officer, **SEBI Registration No:** INR000001112, **CIN No:** U67120MH1993PTC074079

Place: Mumbai
Date: April 07, 2020

For **DJ Mediaprint & Logistics Limited**
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Managing Director

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF DJ MEDIAPRINT & LOGISTICS LIMITED

www.readwhere.com